लखनऊ
सोमवार, 30 अक्टूबर 2023
वर्षः-08 अंकः-14
पृष्ठः-8 मूल्यः- 2 रुपये
RNI- UPHIN/2016/74800

हिन्दी साप्ताहिक
करण वाणी
नई सोच, नया जुनून.....

HAPPY Karwa CHAUTH

# शमी और बुमराह ने पस्त कर दिए अंग्रेजों के हौसले

# भारत से शर्मनाक हार के बाद छलका अंग्रेज कप्तान का दर्द




**आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के एक महत्वपूर्ण मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को 100 रनों से हरा दिया, मिड ब्रेक के समय ऐसा लग रहा था कि इंग्लिश टीम 230 रनों के टारगेट को चेज कर लेगी, लेकिन शमी और बुमराह ने अंग्रेजों के हौसले पस्त कर दिए।**

**करण वाणी, न्यूज**

इंग्लैंड को भारत के खिलाफ क्रिकेट वर्ल्ड कप मैच में 100 रनों से हार का सामना करना पड़ा. 29 अक्टूबर (रविवार) को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेल गए मैच में टारगेट का पीछा करते हुए इंग्लिश टीम 34.5 ओवरों में 129 रनों पर सिमट गई. भारतीय टीम की मौजूदा वर्ल्ड कप में यह लगातार छठी जीत रही. अब भारत 2 नवंबर को मुंबई में श्रीलंका का सामना करेगा।

इस मुकाबले में इंग्लैंड के गेंदबाजों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और भारत को 9 विकेट पर 229 रन ही बनाने दिए. मिड ब्रेक के समय ऐसा लग रहा था कि इंग्लिश टीम 230 रनों के टारगेट को चेज कर लेगी, लेकिन मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह ने अंग्रेजों के हौसले पस्त कर दिए. हार के बाद अंग्रेज कप्तान जोस बटलर का दर्द छलक पड़ा. बटलर ने हार लिए के बल्लेबाजों पर ठीकरा फोड़ा.

**मेरे अंदर से आवाज आ रही थी कि...**

जोस बटलर ने मैच की समाप्ति के बाद कहा, 'बेहद निराशाजनक. 230 रन का पीछा करते हुए हमारे पास अच्छा मौका था, लेकिन फिर पुरानी कहानी दोहराई गई. मैं ओस को लेकर सुनिश्चित नहीं था, मेरे अंदर से आवाज आ रही थी कि हमें लक्ष्य का पीछा करना चाहिए. हमने अच्छा दबाव बनाया, हमने अच्छी गेंदबाजी की, विकेट लिए. अगर आप कहते कि हम 230 रन का पीछा कर रहे हैं तो हमें इससे खुशी होती।

बटलर कहते हैं, 'निजी तौर पर मैं कुछ दबाव झेलना चाहता था, उस दौर से गुजरना चाहता था और फिर एक साझेदारी बनाकर भारत के मोमेंटम को खत्म करना चाहता था. यह आपके स्किल को प्रतिबद्ध और क्रियान्वित करने के बारे में है. 230 रन का पीछा करते समय स्कोरबोर्ड का दबाव नहीं था. यह उस फेज से गुजरने की कोशिश करने के बारे में है. इस समय हम जिस भी तरीके से प्रयास कर रहे हैं उसमें हम कम पड़ रहे हैं।

बटलर ने बताया, 'मुझे लगता है कि हमारे उत्तर एक पोस्टकार्ड पर होंगे. कुछ शीर्ष खिलाड़ी और हम अपने सर्वश्रेष्ठ से काफी पीछे हैं. पावरप्ले में शानदार शुरुआत, गेंदबाजों को कुछ मूवमेंट मिला. थोड़ा असमान उछाल भी था, ग्राउंड फील्डिंग अच्छी थी. ऐसा लगा जैसे आज हमारा दिन हो, लेकिन जिस तरह से हमने बल्लेबाजी की, उसका समर्थन नहीं किया जा सकता.'

**भारतीय कप्तान रोहित ने दिया ये बयान**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जीत के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि इस मैच में हमने काफी जज्बा दिखाया. सभी अनुभवी खिलाड़ी सही समय पर जिम्मेदारी से खेले और मैच जिताया, हम जानते थे कि पिच में मदद है और हमारी गेंदबाजी में अनुभव है इसलिए हम एक अच्छे स्कोर तक पहुंचना चाहते थे।

भारतीय कप्तान ने कहा, 'हमने बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया. पहले पावरप्ले में तीन विकेट खोना आदर्श स्थिति नहीं है. फिर आपको एक लंबी साझेदारी की जरूरत थी जो हमने की लेकिन फिर हमने विकेट खो दिए जिसमें मेरा विकेट भी शामिल था. समग्र तस्वीर को देखते हुए मुझे लगता कि हम 30 रन पीछे रह गए।

**दोनों टीमों का मुकाबला**

टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए भारत ने निर्धारित ओवरों में नौ विकेट पर 229 रन बनाए. मुकाबले में भारत ने 40 रनों पर ही तीन विकेट खो दिए थे. इसके बाद रोहित शर्मा और केएल राहुल ने 91 रनों की साझेदारी करके भारत को संकट से उबारा. रोहित ने 101 गेंदों का सामना करते हुए 87 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और तीन छक्के शामिल रहे. रोहित के अलावा सूर्यकुमार यादव ने भी 49 रन बनाकर भारत को सम्मानजनक तक पहुंचाने में मदद की. इंग्लैंड की ओर से डेविड विली ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए. वहीं क्रिस वोक्स और आदिल राशिद को दो-दो सफलता हासिल हुई।

इसके बाद भारत के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया और 230 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम मोहम्मद शमी (22 रन पर चार विकेट), जसप्रीत बुमराह (32 रन पर तीन विकेट) और कुलदीप यादव (24 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 34.5 ओवर में 129 रन पर ढेर हो गई।

## इकाना के बहाने जारी है सियासी मैच



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने भारत बनाम इंग्लैंड का मैच देखने के लिए इकाना स्टेडियम पहुंचे, इस दौरान उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि, सपा ने लखनऊ में सिर्फ ये स्टेडियम ही नहीं बनाया है बल्कि लखनऊ के लोगों के लिए आय और व्यवसाय बढ़ाने का एक और नया रास्ता खोला है, इससे अप्रत्यक्ष-प्रत्यक्ष रूप से रोजगार के लाखों अवसर पैदा हुए हैं, खेल-पर्यटन को नया बढ़ावा मिला है. इससे पहले उन्होंने तंज भरे लहजे में लिखा कि, करने दूसरे का काम अपने नाम आ रहे हैं कुछ खास मेहमान पर असल में किसने किया निर्माण, जनता रही जान साइकिल है जिनका निशान

**अखिलेश यादव ने साधा निशाना**

इससे पहले अखिलेश ने इकाना स्टेडियम पर कई बयान जारी किए, अखिलेश ने मैच देखने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर पहुंचने पर भी तंज कस, अखिलेश ने लिखा- करने दूसरे का काम अपने नाम आ रहे हैं कुछ खास मेहमान पर असल में किसने किया निर्माण, जनता रही जान साइकिल है जिनका निशान!

# डॉ राजेश्वर सिंह की अनूठी पहल चार मेधावियों को किया सम्मानित

- तारा शक्ति निःशुल्क रसोई से कमलापुर के ग्रामीणों ने किया भोजन, यूथ क्लब स्थापित कर वितरित की गई स्पोर्ट्स किट
- सरोजनीनगरः कमलापुर में लगा 47वां आपका विधायक आपके द्वार, सुनीं गई जनता की समस्याएं

**करण वाणी, न्यूज**

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर चल रहे ह्यआपका विधायक, आपके द्वार जनसुनवाई शिविर के अंतर्गत रविवार को ग्राम सभा कमलापुर में जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मेंजनता अपनी समस्याओं को लेकर आईं। इसमें विधायक की टीम द्वारा जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनकेनिस्तारण के लिए त्वरित व प्रभावी कार्रवाई कराए जाने का आश्वासन भी दिया गया। इस दौरान क्षेत्र की जनता से विकास संबंधित कई सुझाव भी प्राप्त किए गये।

मेधावियों को प्रोत्साहित व सम्मानित करने के लिए डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा चलाई जा रही अनूठी पहल गांव की शानह्य के अंतर्गत ग्रामसभा कमलापुर के चार मेधावियों को सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 4 मेधावियों मानालीशर्मा (74%), रोशनी वर्मा (70%), मनीष गौतम (63%) और अभिषेक यादव (62%) को साइकिल, घड़ी एवं प्रमाण पत्र दिया गया।

इसके साथ ही युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए ह्यकमलापुर यूथ क्लबह्य का गठन कर बॉलीबॉल किट प्रदान की गई। इस दौरान मां तारा सिंह जी की प्रेरणा से शुरू हुई तारा शक्ति निःशुल्क रसोई के माध्यम से लोगों को ताजा व स्वादिष्ट भोजनउपलब्ध कराया गया। इसके अलावा कमलापुर निवासी 75 वर्षीय वृद्धा फूलनदेवी से मिलकर उन्हें श्रीरामरचितमानस की प्रति, अंगवस्त्रव सहायता राशि प्रदान की गई।



# श्रीनगर में आतंकी हमला पुलिस इंस्पेक्टर को मरी गोली

**करण वाणी, न्यूज**

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में रविवार को ईदगाह इलाके में आतंकी हमले में एक पुलिस इंस्पेक्टर शहीद हो गए। उनकी पहचानमसरूर अली वानी के रूप में हुई है। वे येचिपोरा ईदगाह के निवासी है। इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन ने ली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हमला उस समय हुआ जब मसरूर वानी स्थानीय लड़कों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे। आतंकियों ने उन्हें गोलीमार दी। मसरूर को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। हमले के बाद से ईदगाह इलाके सुरक्षा कड़ी कर दी गईहै। फिलहाल सुरक्षाबल का सर्च ऑपरेशन जारी है।

सितंबर में सेना के 5 शहीद हुए थे

जम्मूह्यकश्मीर में 13 सितंबर को आतंकियों के साथ दो मुठभेड़ों में 3 अफसर और दो जवान शहीद हो गए थे। शहीद अफसरों में सेना केएक कर्नल, एक मेजर और पुलिस के एक ऊरढ शामिल थे।आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर उस वक्त गोली चला दी,



जब वे सर्च ऑपरेशनचला रहे थे। एक जवान की मौत राजौरी में हुई। इस दौरान दो आतंकी भी मारे गए। यहां सर्चिंग के दौरान मंगलवार को सेना के डॉग कीभी मौत हो गई। उसने अपने हैंडलर की जान बचाने के लिए खुद की जिंदगी दांव पर लगा दी। राजौरी में एनकाउंटर खत्म हो गया है।

# एनयूजेआई प्रयागराज जिला इकाई का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

▶▶प्रयागराज से संगठन की शपथ ग्रहण की शुरूआत सौभाग्य तथा शुभ संकेत : प्रमोद गोस्वामी

▶▶पत्रकार तथा अखबार के हितो की रक्षा करना ही हमारा उदेश्यः वीरेंद्र सक्सेना

▶▶संगठन ने पत्रकार तथा अखबार हित मे अग्रणी भूमिका निभाया है और निभाते रहेगें: अनुपम चौहान



**करण वाणी, न्यूज**

संगम की नगरी प्रयागराज में आज एनयूजीआई उत्तर प्रदेश की जिला इकाई का गठन किया गया। प्रयागराज की इस जिला इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारी को शपथ दिलाने के लिए एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। पदाधिकारियों को शपथ दिलाने के लिए एनयूजीआई के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सक्सेना, प्रदेश संयोजक प्रमोद गोस्वामी, महामंत्री संतोष भगवान और कोषाध्यक्ष अनुपम चौहान लखनऊ से प्रयागराज पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सक्सेना ने जिला इकाई के अध्यक्ष कुंदन श्रीवास्तव सहित सभी पदाधिकारियों कोनिष्ठा एवं गोपनीयता तथा एनयूजीआई के नियमों के अनुसार कार्य करने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सक्सेना ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि वे अपेक्षा करते हैं की सभीपदाधिकारी इस संगठन को आगे बढ़ाने के लिए पूरी कर्मस्ता एवं निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की समस्याएं दिन परदिन गंभीर होती जा रही है और प्रशासन भी उनकी मांगों की तरफ कोई विशेष ध्यान नहीं दे रहा है, विशेष कर मंझौल पत्रकारों कीसमस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। उनके द्वारा प्रकाशित सरकारी विज्ञापनों का समय से भुगतान न होना उन्हें आर्थिकसंकट में डाल रहा है। हम इस समस्या के निराकरण के लिए शीघ्र प्रशासन में बैठे संबंधित अधिकारियों से वातार्लाप करके इसकासमाधान करने का पूरा प्रयास करेंगे। पत्रकारों की अन्य जो भी समस्याएं हैं उन सभी का निराकरण करने के लिए यह संगठन निरंतरप्रयास करता रहेगा। श्री सक्सेना ने जिला इकाई के संयोजक कमल श्रीवास्तव व अन्य सभी पदाधिकारियों को इस भव्य समारोह केआयोजन के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि भविष्य में भी जब आपको हमारी आवश्यकता होगी तो हम आपके साथ खड़े रहेंगे।

प्रदेश संयोजक प्रमोद गोस्वामी ने कहा कि कि हम एकजुट होकर पत्रकारों की समस्याओं के लिए संघर्ष करने में जरा भी नहीं संकोचकरेंगे और यदि आवश्यक हुआ तो आंदोलन जैसी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की अब और अपेक्षा बर्दाश्त नहींकी जाएगी। श्री गोस्वामी ने जिला इकाई के सभी पदाधिकारी व संयोजक कमल श्रीवास्तव को भी समारोह के सफल आयोजन के लिएबधाई दी। प्रदेश के महामंत्री संतोष भगवान ने कहा कि हम लोगों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए एकजुट होना पड़ेगा। जबतक हम अपनी ताकत का एहसास नहीं कराएंगे तब तक प्रशासन व सरकार हमारी बात नहीं सुनेगी। हमें शीघ्र इसके लिए रणनीतितैयार करनी होगी। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि आपकी संकट की घड़ी में हम सदैव आपके साथ कंधे सेकंधा मिलाकर संघर्ष करने को तैयार रहेंगे।

प्रदेश कोषाध्यक्ष अनुपम चौहान ने कहा कि अब समय आ गया है कि हमें अपनी समस्याओं के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना पड़ेगा।श्री चौहान ने कहा, संगठन ने पत्रकार तथा अखबार हित में अग्रणी भूमिका निभाया है और आगे भी निभाते रहेगें। प्रयागराज जिला इकाईके नवनियुक्त अध्यक्ष कुंदन श्रीवास्तव ने सभी प्रदेश पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह सरकार व प्रशासन धीरेझ्रधीरेपत्रकारों के ऊपर अंकुश लगाने का प्रयास कर रही है और मंझौले समाचार पत्रों के विज्ञापनों में कटौती करके उन्हें आर्थिक संकट कीओर धकेल रही है। इस समस्या का समाधान शीघ्र होना चाहिए। उन्होंने विश्वास दिलाया कि उनके पदाधिकारी और सदस्य प्रदेशइकाई के निदेर्शों के अनुरूप कार्य करेंगे और इस संगठन को मजबूती प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

इससे पूर्व प्रयागराज के पत्रकारों ने प्रदेश पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया और उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। जिला इकाई केसंयोजक कमल श्रीवास्तव ने समारोह का सफल संचालन किया और श्री पांडे ने समारोह का समापन करते हुए प्रदेश पदाधिकारी औरसमारोहमें आए हुए सभी पत्रकार साथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह मे उपस्थित परवेज आलम, देवेद्रं त्रिपाठी, दूधनाथपान्डेय, अमरदीप चौधरी, सुशील चौधरी, धीरज सोनी, इरफान अली, मो आलम, रोहित, रंजीत निषाद, राजीव मिश्रा, मनीष दिवेदी, राजीव सिंह, अरबिंद पान्डेय, शोभित वर्मा, मृतुजंय सिंह, विनय श्रीवास्तव, राहुल सिंह, मनीष मिश्रा, ऋषभ नारायण पान्डेय, संतोषकुमार सिंह, पंकज साहू आदि ने सहभागिता की।

# एस.डी.आर.एफ. ने दिया क्षेत्रीय युवा कल्याण व प्रांतीय विकास दल प्रशिक्षकों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**करण वाणी, न्यूज**

लखनऊ । सरोजनी नगर के नूरनगर भदरसा स्थित राज्य आपदा मोचन बल उ.प्र. हेडक्वार्टर में डॉ0 सतीश कुमार के निर्देशन मे चल रहे10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्रीय युवा कल्याण व प्रांतीय विकास दल के 100 कार्मिको को आपदा प्रबंधन के प्रशिक्षक काप्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान सभी प्रशिक्षको को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

राज्य आपदा मोचन बल उ.प्र. के प्रशिक्षण अधिकारी सहायक सेनानायक श्री शोभनाथ यादव के नेतृत्व में पूर्ण रूप से प्रशिक्षितएसडीआरएफ के कुशल प्रशिक्षको एवं हर आपदा से निपटने में सक्षम 12 सदस्यीय प्रशिक्षण टीम ने क्षेत्रीय युवा कल्याण व प्रांतीयविकास दल प्रशिक्षुओं को आपदा प्रबंधन के सम्बन्ध मे जानकारी प्रदान की गयी। क्षेत्रीय युवा कल्याण व प्रांतीय विकास दल केप्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के दौरान कम से कम समय में अधिक से अधिक वास्तविक आपदाओं के दृश्यों से अवगत कराकर और राहतएवं बचाव के तरीकों के संबंध मे जानकारी प्रदान की गई।

इस दौरान एसडीआरएफ के उपसेनानायक शुएब इकबाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण के द्वारा क्षेत्रीय युवा कल्याण व प्रांतीय विकासदल के प्रशिक्षुओ को प्राकृतिक आपदा एवं कृत्रिम आपदाओं में प्राथमिक उपचार, ध्वस्त ढांचा खोज एवं बचाव, बाढ़ आदि से बचाव कीजानकारी दी गई ताकि भविष्य में एसडीआरएफ के साथ अन्य एजेंसियां भी आपदाओं में जनमानस का अमूल्य जीवन बचा सके।



# अब धारा प्रवाह अंग्रेजी भी बोलेंगे सर्वोदय विद्यालयों के विद्यार्थी

- सीएम योगी की मंशा के अनुरूप समाज कल्याण विभाग की पहल
- अंग्रेजी भाषा को सरलता से समझने और बोलने के लिए शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण
- कक्षा 6 से 10 तक अंग्रेजी विषय पढ़ाने वाले करीब 158 शिक्षकों को दिया गया ऑनलाइन प्रशिक्षण



**करण वाणी, न्यूज**

**लखनऊ।** हर वर्ग को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने एक और बड़ी पहल की है। प्रदेश में स्थितकुल 105 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रझछात्राएं भी धारा प्रवाह अंग्रेजी बोल सकें, इसके लिए सीएम योगीकी मंशा के अनुरूप समाज कल्याण विभाग की ओर से कोशिश शुरू हो चुकी है। अशोक फैलो लीप फॉरवर्ड संस्था की ओर से जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम ह्यअंग्रेजी साक्षरता प्रोग्रामह्व आयोजित किया गया। तीन दिवसीयह्य प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक चला। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 10 तक अंग्रेजी विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों कोप्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम के तहत शिक्षकों में अंग्रेजी विषय की समझ विकसित की जा रही है। इसके साथ ही अंग्रेजी भाषाको सरलता से समझने और बोलने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**सीखकर छात्र छात्राओं को पढ़ाएंगे अंग्रेजी का पाठ**

कक्षा 6 से 10 तक छात्रझछात्राओं की अंग्रेजी की क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई है। दरअसल, सर्वोदय विद्यालय में ग्रामीण परिवेश से आने वाले छात्रझछात्राएं पढ़ाई करते हैं। उनको धारा प्रवाह अंग्रेजी सिखाने के लिए कार्यक्रम होरहा है। ऐसे में समाज कल्याण विभाग की कोशिश है कि शिक्षकों को अंग्रेजी में दक्ष किया जा सके, जिससे वे अंग्रेजी पढ़ने और बोलनेमें न तो रुकें और न ही हिचकिचाएं, बल्कि धारा प्रवाह अंग्रेजी बोल सकें। वहीं छात्रझछात्राओं को भी अंग्रेजी में बोलने और सीखने काफाठ पढ़ाएंगे ताकि क्षेत्रीय भाषा पढ़ने वाले छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने और रोजगार पाने में कोई कठिनाई न हो।

**270 मिनट का प्रोग्राम**

तीन दिनों तक चलने वाला यह ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम 270 मिनट का है। यानी एक दिन में 90 मिनट तक प्रशिक्षण दिया गया।ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों ने कितना सीखा, इस बात की पुष्टि के लिए फीडबैक टेस्ट लिया गया। इसमें जो शिक्षकपास होंगे, उन्हें सर्टिफिकेट दिया जाएगा। शिक्षकों का फीडबैक टेस्ट को सफलतापूर्वक पास करना अनिवार्य होगा। टेस्ट पास न करनेवाले शिक्षक को दोबारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रक्रिया तब तक चलेगी, जब तक शिक्षक अंग्रेजी में दक्ष न हो जाएं।

**158 शिक्षकों ने करवाया रजिस्ट्रेशन**

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कक्षा 6 से 10 तक के अंग्रेजी विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों का रजिस्ट्रेशन करवाया गया है। अब तककुल 158 शिक्षकों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। मंत्री, समाज कल्याण (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि ह्यसर्वोदय विद्यालयों मेंपढ़ने वाले छात्रों के अंग्रेजी के स्तर को और उन्नत करने के लिए अंग्रेजी साक्षरता प्रोग्राम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम से अंग्रेजी केशिक्षकों में इंम्प्रूवमेंट होगा। इसके लिए अशोक फैलो लीप फॉरवर्ड संस्था के आभारी हैं। इससे छात्रों को बहुत लाभ मिलेगा।ह्व

**57 जिलों में 94 सर्वोदय विद्यालय**

प्रदेश के 57 जिलों में कुल 94 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय कक्षा 6 से कक्षा 12 तक संचालित हैं, जिसमें 65 बालकविद्यालय और 29 बालिका विद्यालय संचालित हैं। इनमें से 43 विद्यालय सीबीएसई (उइएए) और 51 विद्यालय यूपी बोर्ड से सम्बद्धहैं। इन विद्यालयों में ग्रामीण परिवेश से बच्चे पढ़ाई के लिए आते हैं। ऐसे में उनको धारा प्रवाह अंग्रेजी सीखाने के लिए शिक्षकों कोप्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे बच्चे बेहिचक अंग्रेजी बोल सकें।

# रामराज्य की नीव हैं सरकार की लोकहित की योजनाएंः मुख्यमंत्री

**करण वाणी, न्यूज**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री एवं गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि डबल इंजन सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं रामराज्य की बुनियाद हैं। 500 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद जब प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं, उससे पहले उनके राज्य के आदर्शों को अपनाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में करोड़ों गरीबों के लिए घर, शौचालय, अन्न, स्वास्थ्य सुरक्षा समेत अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं।

सीएम योगी मंगलवार शाम मानसरोवर रामलीला मैदान में श्री श्री रामलीला समिति, आर्यनगर की तरफ से आयोजित प्रभु श्रीराम के राजतिलक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी लोगों को विजयदशमी की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विजयदशमी और दीपावली के आयोजन इस वर्ष के लिए विशेष हैं। इस वर्ष में 500 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद भगवान राम अयोध्याधाम में अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। यह पीढ़ी सौभाग्य शाली है कि उसे यह दिव्य दृश्य देखने को मिलने जा रहा है।श्रीराम मंदिर के लिए लाखों लोग बलिदान हो गए। शांतिपूर्ण और हिंसक आंदोलन हुए। एक दौर तक न्याय का स्थान नहीं दिखता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम के मंदिर में विराजमान होने से पूर्व देश में पीएम मोदी ने 4 करोड़ गरीबों के आवास बनवाकर, 12 करोड़ शौचालय बनवाकर, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देकर, गरीबों को पांच लाख की स्वास्थ्य सुरक्षा देकर तथा आपदा में पांच लाख रुपये देने की व्यवस्था कर रामराज्य के आदर्शों को आगे बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हजारों वर्ष पूर्व भगवान श्रीराम ने अधर्म, असत्य व अन्याय पर विजय प्राप्त कर रामराज्य की नींव रखी थी। विजय दशमी पर देशझदुनिया में बसने वाला हर सनातन धर्मावलंबी इसका स्मरण करता हुए प्रभु श्रीराम के बताए मार्ग परचलने के संकल्प से खुद को जोड़ता है। सीएम योगी ने कहा कि सिर्फ त्रेता युग में ही रावण की उपस्थिति नहीं रही है बल्कि हर कालखंड में दैवीय शक्तियों के साथ, राक्षसी प्रवृत्तियां भी रही हैं। यदि सकारात्मक ताकतें एकजुट व मजबूत होकर सदमार्ग पर चलेंगी तो राष्ट्र व समाज के हित में धर्म,



सत्य वन्याय की विजय होती रहेगी। यदि समाज में बिखराव हुआ या नकारात्मक शक्तियां हावी हुईं तो वह आतंकवाद, नक्सलवाद, उग्रवाद, अलगाववाद, माफियावाद, अराजकता आदि के रूप में दिखाई देती हैं। इसलिए समाज में सकारात्मकता और एकता को बढ़ावा देना सबकी जिम्मेदारी होती है। जब सतसंकल्प के साथ सकारात्मकता और एकता के मार्ग का अनुसरण किया जाता है तो उसका परिणामभी अच्छा होता है। अच्छी सोच का अच्छा तथा बुरी सोच का बुरा परिणाम आता है। इसलिए बुरा मत सोचें, सकारात्मक होकर चलें तोदुनिया की कोई भी ताकत आपको आगे बढ़ने और अच्छा परिणाम हासिल करने से नहीं रोक सकती है।

इस अवसर पर एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, रामलीला समिति के रेवती रमन दास, पुष्पदंत जैन, अशोक जालान, शोभित मोहनदास, आदि मौजूद रहे।

# चुकंदर की इन किस्मों से होगी लाखों की कमाई और ज्यादा पैदावार

## चुकंदर की खेती : जानें, चुकंदर की इन किस्मों की विशेषता और लाभ

करण वाणी, न्यूज

किसान चुकंदर की खेती से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। चुकंदर एक बहुत ही लाभकारी फल होता है। इसके सेवन से शरीर में खून बढ़ता है। यही कारण है कि एनिमिक लोगों को डाक्टर चुकंदर का सेवन करने की सलाह देते हैं। इसके सेवन से शरीर में खून बनना शुरू हो जाता है। इसके इसी गुण के कारण इसे औषधी के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। इसे कच्चा खाना या इसका रस पीना दोनों ही स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना गया है। गाजर के साथ चुकंदर का इस्तेमाल ज्यूस बनाने में किया जाता है। इसकी बाजार मांग भी काफी अच्छी रहती है और इसके भाव भी बेहतर मिल जाते हैं। इसे देखते हुए यदि किसान इसकी खेती करें तो इससे काफी अच्छा पैसा कमाया जा सकता है। इसकी खेती में बेहतर पैदावार प्राप्त करने के लिए इसकी उन्नत किस्मों का चयन किया जाना बेहद जरूरी है।

**चुकंदर में पाए जाने वाले पोषक तत्व**

चुकंदर में बहुत सारे पोषक तत्व होते हैं जो हमारे शरीर के लिए लाभकारी होते हैं। इसमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फैट और डाइटरी फाइबर जैसे कई पोषक तत्व होते हैं। इसके अलावा चुकंदर में विटामिन सी, विटामिन बी-6, राइबोफ्लेविन और थायमिन विटामिन होता है। इसमें आयरन, कैल्शियम, सोडियम, पोटेशियम, फास्फोरस और मैग्नीशियम भी पाया जाता है।

**चुकंदर की टॉप 7 किस्में**

चुकंदर की कई प्रकार की किस्में पाई जाती है जिनसे अच्छा उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। आज हम ट्रैक्टर जंक्शन के माध्यम से आपको चुकंदर की उन्नत किस्मों में से टॉप 7 किस्मों की जानकारी दे रहे हैं जिनसे बेहतर पैदावार के साथ ही अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है।

**1. अर्ली वंडर**

चुकंदर की इस किस्म की जड़ें चिपटी होने के साथ ही चिकनी और लाल सतह वाली हाती हैं। यह अंदर से लाल होती है और इसकी पत्तियां हरे रंग की होती हैं। यह किस्म 55 से 60 दिन की अवधि में पककर तैयार हो जाती है। इसकी पैदावार सामान्य किस्म से अधिक मिलती है।

**2. शाइन रेडबॉल**

चुकंदर की शाइन रेडबॉल किस्म का कंद गोल व गहरे लाल रंग का होता है। इस किस्म के पौधे की ऊंचाई 30 से 32 सेंटीमीटर तक होती है। यह किस्म रबी, जायद और खरीफ तीनों सीजन में उगाई जा सकती है। इस किस्म के कंद का वजन 150 से 180 ग्राम तक होता है। इस किस्म को पककर तैयार होने में 50 से 60 दिन का समय लगता है।

**3. अशोका-रेडमेन**

अशोका-रेडमेन किस्म की पत्तियां चौड़ी होती है और इसका मध्य शिरा गुलाबी रंग का होता है। इसके कंद चिकने, गोल, तिरछे तथा लाल रंग के होते हैं। इसके कंद का वजन 150 से 180 ग्राम तक होता है। इस किस्म में रोग प्रतिरोधक क्षमता अच्छी होती है। इस किस्म को जायद, रबी और खरीफ तीनों सीजन में उगाया जा सकता है। इसकी फसल 65 से लेकर 70 दिन में पककर तैयार हो जाती है।




**4. क्रिमसन ग्लोब**

चुकंदर की क्रिमसन ग्लोब किस्म मध्यम आकार की होती हैं। इसकी जड़ें मध्यम और छिलका लाल रंग का होता है। इसके पत्ते चमकदार हरे रंग के होते हैं। इस किस्म की औसत पैदावार 80 क्विंटल प्रति एकड़ मिलती है।

**5. मिश्र की क्रास्बी**

चुकंदर की यह किस्म चिपटी जड़ों के साथ चिकनी सतह वाली होती है। यह किस्म अंदर से गहरे परपल लाल रंग की होती हैं। इस किस्म की बुवाई से करीब 50 से 60 दिन की अवधि में पैदावार प्राप्त की जा सकती है।

**6. कलश एक्शन**

चुकंदर की इस किस्म की बुवाई रबी, खरीफ और जायद तीनों सीजन में की जा सकती है। यह किस्म 50 से 55 दिन में पककर तैयार हो जाती है। इसके फल बहुत ही आकर्षक और गहरे लाल रंग के होते हैं। इसके कंद का वजन 100 से 150 ग्राम तक होता है। इस किस्म में 200 से लेकर 250 क्विंटल प्रति हैक्टेयर तक पैदावार प्राप्त की जा सकती है।

**7. इंदम रूबी**

यह चुकंदर की अधिक उत्पादन देने वाली किस्म है। यह किस्म बुवाई से 55 दिन के भीतर पककर तैयार हो जाती है। इस किस्म को रबी और खरीफ दोनों सीजन में उगाया जा सकता है। इस किस्म का कंद गोल और एक समान लाल रंग का होता है। इसके कंद वजन करीब 200 ग्राम होता है। इसके पौधे की ऊंचाई एक फीट तक होती है।

**चुकंदर की उन्नत किस्मों की बुवाई का तरीका**

चुकंदर की बुवाई दो विधियों से की जाती है। इसमें एक छिटकवां विधि है और दूसरी मेड विधि होती है।

छिटकवां विधि इस विधि में बीजों की बुवाई करने से पहले क्यारियां बनाई जाती है और उसमें बीज छिटक दिए जाते हैं। इससे खाद और मिट्टी के बीच इनका अंकुरण हो जाता है। इस विधि में करीब 4 किलोग्राम प्रति एकड़ बीज की आवश्यकता होती है।

मेड विधि- इस विधि में बुवाई के लिए 10 इंच की दूरी ऊंची मेड या बेड बनाया जाता है। अब इस पर तीन-तीन इंच की दूरी रखकर मिट्टी में बीजों को लगाया जाता है। इस विधि में अधिक बीजों की जरूरत नहीं होती है। इस विधि से चुकंदर की बुवाई करने पर सिंचाई करने और निराई गुड़ाई का काम आसानी से हो जाता है।

# मालामाल कर देगी सागवान पेड़ की खेती, कुछ सालों में बन जाएंगे करोड़पति

करण वाणी, न्यूज

सागवान के पौधे को 8 से 10 फीट की दूरी पर लगाया जा सकता है. ऐसे में अगर किसी किसान के पास 1 एकड़ खेत है तो वो उसमें करीब 500 सागवान के पौधे लगा सकता है. 12 साल बाद इन पेड़ों की कटाई कर किसान करोड़पति बन सकते हैं।

कम लागत में ज्यादा मुनाफा मिलने की वजह से सरकार किसानों को सागवान के पेड़ों की खेती करने की सलाह देती है. इसकी लकड़ियों की गिनती सबसे मजबूत और महंगी लकड़ियों में होती है.इससे फर्नीचर, प्लाइवुड तैयार किया जाता है. इसके अलावा सागवान का इस्तेमाल दवा बनाने में भी किया जाता है।

**सागवान के लिए खेत में कितनी हो दूरी**

सागवान की लकड़ियां लंबे समय तक टिकती हैं. इसकी खेती के लिए न्यूनतम 15 डिग्री और अधिकतम 40 डिग्री सेल्सियस का तापमान अनुकूल माना जाता है. इसके अलावा जलोढ़ मिट्टी सागवान की खेती के लिए सबसे बेहतर मानी जाती है. मिट्टी का पीएच 6.5 से 7.5 के बीच होना चाहिए.

**कौन सा मौसम सागवान की बुवाई के लिए ठीक?**

सागवान की बुवाई के लिए मॉनसून से पहले का समय सबसे अनुकूल माना जाता है. इस मौसम में पौधा लगाने से वो तेजी से बढ़ता है. शुरूआती सालों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है. पहले साल में तीन बार दूसरे साल में दो बार और तीसरे साल में एक बार अच्छे से खेत की सफाई जरूरी है, सफाई के दौरान खरपतवार को पूरी तरह खेत से बाहर करना होता है. सागवान के पौधे के विकास के लिए सूर्य की रौशनी अत्यंत आवश्यक होती है. ऐसे में पौधा लगाते वक्त इस बात का भी ध्यान रखें कि खेत में पर्याप्त रोशनी पहुंच सके. नियमित समय पर पेड़ के तने की कटाई-छटाई और सिंचाई करने से पेड़ की चौड़ाई तेजी से बढ़ती है।

**सागवान के पेड़ को जानवरों से डर नहीं**



सागवान के पत्तों में औषधीय गुण होते हैं. यही वजह है कि जानवर खाना पसंद नहीं करते. साथ ही अगर पेड़ की देखभाल ठीक से की जाए तो इसमें कोई बीमारी भी नहीं लगती. इसके विकास में तकरीबन 10 से 12 लगते हैं. किसान एक ही पेड़ से कई सालों तक मुनाफा कमा सकते हैं. सागवान का पेड़ एक बार काटे जाने के बाद फिर से बड़ा होता है और दोबारा इसे काटा जा सकता है. ये पेड़ 100 से 150 फुट ऊंचे होते हैं।

**सागवान से करोड़ों में कमाई**

अगर कोई किसान 500 सागवान के पेड़ लगाता है तो 12 वर्ष के बाद इसे करीब एक करोड़ रुपये में बेच सकता है. बाजार में 12 साल के सागवान के पेड़ की कीमत 25 से 30 हजार रुपये तक है और समय के साथ इसकी कीमत में बढ़ोतरी होने की पूरी संभावना है. ऐसे में एक एकड़ की खेती से 1 करोड़ रुपये की कमाई आराम से की जा सकती है।

# 'लियो' की बॉक्स ऑफिस पर हुई 'विजय'

**थलापति विजय-संजय दत्त और तृषा कृष्णन स्टारर एक्शन थ्रिलर फिल्म लियो बॉक्स ऑफिस पर सफलता के झंडे गाड़ चुकी है। 11 दिनों के अंदर ही इस मूवी ने 300 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है।**

साउथ फिल्मों का पिछले काफी समय से दुनियाभर में बोलबाला देखने को मिला। एक तरफ जहां हिंदी फिल्में पैन इंडिया रिलीज के बाद भी साउथ की ऑडियंस पर कुछ खास असर नहीं छोड़ पा रही है, तो वहीं तमिल-तेलुगु भाषा में बनी फिल्में डब के बाद भी हिंदी ऑडियंस के दिलों में अपनी जगह पक्की करने से नहीं चूक रही हैं।

अब इसी लिस्ट में शामिल हो गया है, थलापति विजय और संजय दत्त स्टारर फिल्म लियो ,जिसने 11 दिनों के अंदर ही बॉक्स ऑफिस का गर्दा उड़ाते हुए कई फिल्मों के छक्के छुड़ा दिए हैं। इस फिल्म ने सभी भाषाओं में अब तक कितना बिजनेस किया, बिना देरी किये देखते हैं इसके आंकडें-

### लियो ने 11 दिनों में इंडिया में 300 करोड़ का आंकड़ा किया पार

लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी इस एक्शन ड्रामा फिल्म में थलापति विजय के साथ-साथ दर्शकों को संजय दत्त (रंल्लंॅ उ‰३३) और तृषा कृष्णन का काम भी काफी पसंद आ रहा है। पहले ही दिन लियो ने 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ये साबित कर दिया था कि वह बॉक्स ऑफिस की गद्दी इतनी जल्दी छोड़ने वाली नहीं है।

ऐसा ही कुछ 11 दिनों में देखने को भी मिला। ओरिजिनल भाषा तमिल के साथ-साथ थलापति विजय की लियो ने हिंदी में भी शानदार कमाई की। सैकनलिक.कॉम की रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्शन थ्रिलर इस फिल्म ने 11 दिनों के अंदर इंडिया में नेट टोटल 303.54 करोड़ की कमाई कर ली है।

हिंदी भाषा में इस फिल्म ने संडे को लगभग 1.65 करोड़ का सिंगल डे पर कारोबार किया। हिंदी में लियो की टोटल कमाई 20.85 करोड़ के आसपास है।

### तमिल भाषा में 'लियो' की हुई छप्परफाड़ कमाई

हिंदी में फिल्म का बिजनेस ठीक ठाक रहा, लेकिन संजय दत्त और विजय स्टारर इस फिल्म ने ओरिजिनल भाषा तमिल में बॉक्स ऑफिस का गर्दा उड़ाकर रख दिया। साउथ में फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। 11वें दिन तमिल में इस फिल्म ने सिंगल डे पर रविवार को लगभग 13.54 करोड़ का बिजनेस किया, जिसके बाद इसकी टोटल कमाई 243.59 करोड़ तक पहुंच गयी है।

इसके अलावा तेलुगु भाषा में मूवी ने अब तक 37.8 करोड़ का कारोबार किया है। तेलुगु में संडे को फिल्म की कमाई 1.45 करोड़ के आसपास हुई। कन्नड़ में अब तक फिल्म का कलेक्शन 1.3 करोड़ तक पहुंचा है। इस फिल्म ने इंडिया में ग्रॉस कमाई 337.75 करोड़ के आसपास कर ली है।




### लियो बॉक्स ऑफिस 11 डेज कलेक्शन

| | |
|---|---|
| लियो इंडिया नेट कलेक्शन | 303.54 करोड़ रुपए |
| लियो इंडिया ग्रॉस कलेक्शन | 337.75 करोड़ रुपए |
| लियो तमिल भाषा टोटल कलेक्शन | 243.59 करोड़ रुपए |
| लियो तेलुगु भाषा कलेक्शन | 37.8 करोड़ रुपए |
| लियो हिंदी भाषा टोटल कलेक्शन | 20.85 करोड़ रुपए |

DNM GROUP OF INSTITUTIONS
LUCKNOW
पॉलिटेक्निक
डी. फार्मा
बी.ए.
बी.एस.सी
Admission Open
7880341111
www.dnmiet.ac.in
एन.एच.25-ए,कटी बगिया (साई मंदिर के पास), बंथरा, कानपुर रोड, लखनऊ

# एनयूजे उत्तर प्रदेश की आगरा इकाई के अध्यक्ष अरुण रावत और महासचिव पद पर विवेक कुमार जैन मनोनीत

**वरिष्ठ पत्रकार अशोक अग्निहोत्री ताऊ, विनोद भारद्वाज एवं रमेश राय संरक्षक बनाए गए।**

**करण वाणी, न्यूज**

आगरा। जयपुर निम्स यूनिवर्सिटी में विगत 26-27 अगस्त को संपन्न हुए नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिट्स (इंडिया) के दो दिवसीयराष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान एनयूजे उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में पूर्व राज्य सूचना आयुक्त एवं वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र सक्सेना, प्रतापगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार संतोष भगवन को महामंत्री और लखनऊ के पत्रकार अनुपम चौहान को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया था।

राष्ट्रीय अधिवेशन के मंच से एनयूजे (आई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने इस टीम की घोषणा की थी। इस अधिवेशन में उत्तर प्रदेशसे 100 से अधिक पत्रकारों ने भाग लिया था।

इसके बाद से ही एनयूजे (आई) उत्तर प्रदेश में अपना विस्तार करने में जुटा गया था। इसी क्रम में रविवार को एनयूजे उत्तर प्रदेश कीआगरा शाखा का गठन किया गया, जिसमें वरिष्ठ पत्रकार अशोक अग्निहोत्री ताऊ, विनोद भारद्वाज एवं रमेश राय को आगरा शाखा कासंरक्षक बनाया गया है।

प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर अरुण रावत अध्यक्ष, विवेक कुमार जैन महासचिव एवं सुभाष जैन को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वरिष्ठउपाध्यक्ष पद पर योगेंद्र वार्ष्णेय एवं आदर्श नंदन गुप्त और विजय बघेल को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

सचिव पद के लिए हरिओम रावत, सुनीत कुलश्रेष्ठ आलोक एवम प्रिया जैन को मनोनीत किया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के लिएप्रमोद अग्रवाल, शरद यादव, डॉक्टर एमसी शर्मा, अमित जैन, प्रभाकर सिंह पाल, अजहर उमरी एवं ध्रुव जैन को चुना गया है। आगराजनपद के सभी पत्रकारों ने ठवख (वढ) की इस नवगठित कार्यकारिणी के गठन पर खुशी जताते हुए पदाधिकारियों को बधाई दी।



## गाजियाबाद पुलिस ने किया एनकाउंटर, बीटेक की छात्रा से मोबाइल लूटने वाला ढेर



गाजियाबाद में बीटेक की छात्रा से मोबाइल छीनने वाले बदमाश का पुलिस ने एनकाउंटर किया है. पुलिस ने 29 अक्टूबर की रात को बदमाश को गिरफ्तार किया था उस वक्त मुठभेड़ में आरोपी को गोली लगी थी, वहीं एक पुलिसकर्मी भी जख्मी हो गया था. पुलिस ने दोनों को हॉस्पिटल में भर्ती किया था. हॉस्पिटल में इलाज के दौरान बदमाश की मौत हो गई है. बदमाश पर लूट के कई केस दर्ज हैं और वह लगातार क्रिमिनल गतिविधियों में लिप्त था. बता दें कि बदमाश ने बीटेक की छात्रा से मोबाइल लूटने के दौरान उसे ऑटो रिक्शा से बाहर गिरा दिया था, जिसकी वजह से वह ऑटो में फंसकर घिसट गई थी और बाद में उसकी मौत हो गई थी.

एडिशनल पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद ग्रामीण विवेक चंद्र यादव के मुताबिक हॉस्पिटल में बदमाश को भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. जितेंद्र एक कुख्यात बदमाश था जिस पर पहले से 9 केस चल रहे थे.

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 29 अक्टूबर की रात को पुलिस मसूरी थाना क्षेत्र में नहर पटरी के पास चेकिंग कर रही थी. चेकिंग के दौरान पुलिस को सामने से 2 मोटरसाइकिल सवार आते हुए दिखाई दिए. जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो दोनों बदमाश पुलिस को चकमा देकर भागने लगे, इसी बीच जब पुलिस ने पीछा करने की कोशिश की तो उन्होंने पुलिस पर ही फायरिंग कर दी. जब पुलिस ने आत्मरक्षा के लिए फायरिंग की तो एक आरोपी घायल हो गया.

एक बदमाश मौके से भागने में सफल हो गया, लेकिन आरोपी जितेंद्र पुलिस के हत्थे चढ़ गया. पुलिस ने घायल पुलिसकर्मी और बदमाश को हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया. इलाज के दौरान जितेंद्र की मौत हो गई है. फील्ड यूनिट टीम फिलहाल मौके पर है और सबूतों का संकलन किया जा रहा है.

लूट के बाद छात्रा की हुई थी मौत

बता दें कि आरोपी जितेंद्र उर्फ जित्तू ने 27 अक्टूबर को एनएच-9 पर एक बीटेक की छात्रा के साथ लूट की कोशिश की थी. आरोपी जितेंद्र ने छात्रा से मोबाइल लूटने की कोशिश की, लेकिन जब छात्रा ने चलती ऑटो में मोबाइल नहीं छोड़ा तो बदमाश ने उसे नीचे गिरा दिया. इसके बाद छात्रा ऑटो की चपेट में आ गई और काफी दूर तक घिसटती हुई चली गई. हादसे के बाद छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई थी. जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी.

# 'छुड़ाने की हरसंभव कोशिश करेंगे', कतर में बंद भारतीयों के परिवार से मिलकर बोले जयशंकर

**जयशंकर ने पूर्व नौसैनिकों के परिवार से मुलाकात के दौरान कहा कि उनकी सरकार भारतीयों को वापस लाने की हरसंभव कोशिश कर रही है।**

**करण वाणी, न्यूज**



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कतर में मौत की सजा पाने वाले आठ भारतीयों के परिवारवालों से मुलाकात की। गौरतलब है कि नौसेना के आठ पूर्व कर्मी लंबे समय से कतर की जेल में बंद हैं। हाल ही में कतर की एक अदालत ने उन्हें मौत की सजा सुनाई है।

जयशंकर ने पूर्व नौसैनिकों के परिवार से मुलाकात के दौरान कहा कि उनकी सरकार भारतीयों को वापस लाने की हरसंभव कोशिश कर रही है। विदेश मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "आज सुबह ही कतर में बंद आठ भारतीयों के परिवारवालों से मुलाकात की। उन्हें बताया कि सरकार इस मामले को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दे रही है। हम उनके परिवारों की चिंता और दर्द साझा करते हैं।"

जयशंकर ने आगे कहा, "हमने स्पष्ट किया कि सरकार उन्हें छुड़ाने के लिए सबकुछ कर रही है। हम इस मामले में परिवारों से संपर्क में रहना जारी रखेंगे।

निजी कंपनी अल दहरा के साथ काम करने वाले इन भारतीय नागरिकों को कथित तौर पर जासूसी के एक मामले में पिछले साल अगस्त में गिरफ्तार किया गया था। कतर की तरफ से अब तक उन पर लगे आरोपों का खुलासा नहीं किया गया है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में दावा हुआ है कि इन लोगों को जासूसी करने के आरोप में पकड़ा गया। कतर कोर्ट के इस फैसले पर भारत ने नाराजगी जताते हुए इसे गहरा झटका बताया था और मामले में सभी कानूनी तरीके आजमाने की बात कही थी।

# इजरायली विमान पहुंचा रूस तो फिलिस्तीन समर्थकों ने एयरपोर्ट पर बोला धावा

करण वाणी, न्यूज

रूस में दागेस्तान के मुख्य हवाई अड्डे को रविवार को बंद कर दिया और उड़ानों का मार्ग बदल दिया. इजरायल से एक विमान के आने की खबर मिलने के बाद भीड़ ने इजरायली नागरिकों की तलाश में वहां पर धावा बोल दिया था. एक वीडियो में लोगों की भीड़ को बैरियर को पार करते हुए हवाईअड्डे से निकलने वाली और हवाई अड्डे में आने वाली कारों पर कब्जा करते हुए दिखाया गया है


मॉस्को. रूस की विमानन एजेंसी ने दागेस्तान के मुख्य हवाई अड्डे को रविवार को बंद कर दिया और उड़ानों का मार्ग बदल दिया. इसका कारण था कि इजरायल से एक विमान के आने की खबर मिलने के बाद फिलिस्तीन समर्थकों की भीड़ ने इजरायली नागरिकों की तलाश में वहां पर धावा बोल दिया था. रूसी मीडिया ने कहा कि मखाचकाला हवाई अड्डे के ट्रैफिक एरिया में एक भीड़ के घुसने के बाद हवाई अड्डे को आने और जाने वाली उड़ानों के लिए अस्थायी रूप से बंद करने का फैसला लिया गया.

इस घटना की खबर मिलने के बाद सुरक्षा बल वहां पहुंच गए हैं. रूस की सरकारी मीडिया इजवेस्तिया और आरटी के मुताबिक कथित तौर पर यह खबर फैलने के बाद कि इजरायल से एक शख्स आया है, कई दर्जन लोग हवाई अड्डे और रनवे पर आ गए.

टेलीग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो में लोगों की भीड़ को बैरियर को पार करते हुए हवाईअड्डे से निकलने वाली और हवाईअड्डे में आने वाली कारों पर कब्जा करते हुए दिखाया गया है. एक वीडियो में एक शख्स को दिखाया गया, जो रूसी रेड विंग्स कंपनी के विमान के पंख पर चढ़ गया था.

फ्लाइटरडार वेबसाइट के मुताबिक तेल अवीव से आने वाली रेड विंग्स फ्लाइट स्थानीय समय के मुताबिक शाम 7 बजे मखचकाला में उतरी थी. रूसी मीडिया के मुताबिक उड़ान को मॉस्को के लिए उड़ान भरने से पहले माखचकाला में थोड़ी देर के लिए ठहरना था. बताया गया कि रूस के माखचकाला हवाईअड्डे पर हुई इस घटना से मची भगदड़ और अफरा-तफरी में 20 से अधिक लोग घायल हो गए.

सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई तस्वीरों के मुताबिक भीड़ में से कुछ




लोगों ने विमान की ओर जाने से पहले हवाईअड्डे पर लोगों से उनके पासपोर्ट दिखाने को कहा था. उनमें से एक व्यक्ति के हाथ में पोस्टर था. जिस पर लिखा था कि ह्यबच्चों के हत्यारों के लिए दागिस्तान में कोई जगह नहीं हैह्व और अन्य को वीडियो पर ह्यअल्ला हू अकबरह्व का नारा लगाते सुना गया. बहरहाल रूस की सरकार ने अभी तक इन घटनाओं पर कोई टिप्पणी नहीं की है. इससे पहले रविवार को रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने बताया कि एक अन्य उत्तरी काकेशस गणराज्य-कार्बार्डिनो-बलकारिया में नालचिक शहर में एक यहूदी केंद्र में आग लगा दी गई थी.

# वे कौन लोग हैं, जो भारत में फसाद करवाना चाहते हैं: अनुराग ठाकुर

करण वाणी, न्यूज

केरल में हुए ब्लास्ट को लेकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस और राज्य की माकपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि वे कौन लोग हैं जो बाहर से यहां फसाद करवाना चाहते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर हमास आतंकियों का समर्थन करने का आरोप लगाया है।

केरल के एनार्कुलम जिले के कलामसेरी में रविवार सुबह ईसाई समुदाय के एक धार्मिक सभा में बम विस्फोट होने से दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 51 लोग घायल हो गए। घायलों में से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। अब इस मामले को लेकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर (अल्ल४९ ळें४१) ने कांग्रेस पर निशाना साधा है।

**'आतंकी संगठन हमास का समर्थन कर रही है कांग्रेस'**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा- मैं केरल में हुए बम ब्लास्ट की घटना की निंदा करता हूं, लेकिन कुछ दिन पहले ही कांग्रेस आतंकी संगठन हमास का समर्थन कर रही थी। एक ऑनलाइन कार्यक्रम होता है, जिसमें हजारों लोग एकत्रित होते हैं और वहां की सरकार कोई कार्रवाई नहीं करती है।

**'आतंकियों को चुपचाप समर्थन कर रहे हैं राहुल गांधी'**

अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी से लेकर शशि थरूर तक या कांग्रेस अध्यक्ष ने उस चीज पर सवाल नहीं खड़े किए.. सिर्फ चुपचाप समर्थन किया। इन आतंकी संगठनों का इस तरह से भारत में तकरीर करना और राहुल गांधी का कुछ न बोलना, ये साफ दिखाता है कि कांग्रेस इनको चुपचाप समर्थन कर रही है।

**'ये कौन लोग हैं, जो बाहर से यहां फसाद करवाना चाहते हैं'**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आखिर ये कौन लोग हैं, जो बाहर से यहां फसाद



करवाना चाहते हैं? कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी इनका चुपचाप समर्थन कर रही है और इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

**सीएम ने बुलाई सर्वदलीय बैठक**

बता दें कि कोच्चि के रहने वाले डोमिनिक मार्टिन ने घटना की जिम्मेदारी ली है। उसने त्रिचूर में पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। एक पहले ही केरल में हमास आतंकी ने एक कार्यक्रम को संबोधित किया था। सीएम पिनाराई विजयन ने कहा कि राज्य सरकार इस घटना को बेहद गंभीरता से ले रही है। सोमवार सुबह एक सचिवालय में एक सर्वदलीय बैठक भी बुलाई गई है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सीमा सिंह द्वारा प्वांइट ऑफसेट, 86/98 कुर्मी टोला गुरुगोविन्द सिंह मार्ग, लालकुआं, लखनऊ-226018 से मुद्रित एंव पहाड़पुर, पोस्ट बंथरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक- पंकज सिंह मो- 9415067370 E-mail:-karnvaninews@gmail.com website:- www.karnvaninews.com RNI-UPHIN/2016/74800